तेरी कृपा से श्याम प्रभु | By Mukesh Bagda

तेरी कृपा से श्याम प्रभु हर काम मेरा हो जाता है
करने वाला तू ही है बस नाम मेरा हो जाता है

क्या क्या काम किये हैं तुमने कैसे मैं गुणगान करू
मेरी तो औकात ही क्या है कैसे तेरा बखान करू
मेरे नाम का बजे जो डंका तू ही तो बजवाता है
करने वाला तू ही है बस नाम मेरा हो जाता है

गलती पर गलती मैं करता फिर भी तुमने माफ़ किया
सबने मुझको छोड़ दिया तब तुमने ही प्रभु साथ दिया
भटक जाए जो राह से अपनी मंज़िल उसे दिखता है
करने वाला तू ही है बस नाम मेरा हो जाता है

नाम तेरा सुनकर ये सोचा तेरे दर पे आऊंगा
क्या मालूम था स्वर्ग सी मस्ती आकर के यहाँ पाऊंगा
मस्ती में दीवाना मन ये झूम झूम कर गाता है
करने वाला तू ही है बस नाम मेरा हो जाता है

डूब ना जाये नैया मेरी इतनी ये अरदास करू
तेरे भरोसे मेरी गाडी फिर भी मैं क्यूँ आह भरु
जनम जनम तक साथ रहे बस अब महेश ये चाहता है
करने वाला तू ही है बस नाम मेरा हो जाता है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%ad%e0%a5%81-by-mukesh-bag/